## एक नजर

### मिट्टी का प्रथम डॉक्टर स्वयं किसान है

**इटारसी.** विश्व मृदा दिवस हर वर्ष 5 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मृदा संरक्षण, उर्वरता बढ़ाने तथा सतत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर में इंडियन पोटाश लिमिटेड के सहयोग से एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया यगा जिसमे कुल सहभागियों की संख्या 143 रही । अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया क्या तथा समस्त अतिथियों का स्वागत डॉ आकांक्षा पाण्डेय एवं डॉ. संजीव कुमार गर्ग द्वारा किया गया। भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास के प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र जी गुर्जर ने कहा कि मिट्टी हमारे समाज और संस्कृति में केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि मां के रूप में पूजी जाती है। हमारे पूर्वज मिट्टी को जीवनदाता मानते थे, क्योंकि यही अन्न, जल और सभी जीवों का आधार है। उन्होंने बताया कि आज के समय में मिट्टी से जुड़ी इस सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है, ताकि लोग इसके संरक्षण को अपना नैतिक कर्तव्य समझें। इंडियन पोटाश लिमिटेड के डिप्टी मैनेजर श्री एस एस सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि 卐मिट्टी का प्रथम डॉक्टर स्वयं किसान है卐, क्योंकि वही सबसे पहले मिट्टी की सेहत को परखता, समझता और उसकी देखभाल करता है, जो फसलों की जरूरत, पोषक तत्वों का संतुलन और मिट्टी की कमी-बेशी को सबसे पहले पहचानता है। वैज्ञानिक और संस्थान केवल मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं, लेकिन मिट्टी की वास्तविक देखभाल किसान के हाथों में ही है। इसलिए किसानों को नियमित मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक का उपयोग और संरक्षण तकनीकियो को अपनाकर 'मिट्टी की सेहत' को प्राथमिकता देनी चाहिए। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने बताया कि सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित मात्रा में उपयोग फसल उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करे नपा

## कर में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/08,दिसम्बर** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने समय-सीमा बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न शासकीय एवं जनहितकारी अभियानों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए।

समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने अतिक्रमण के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए नगर पालिका अमले को निर्देश दिए कि स्थाई एवं अस्थाई सभी प्रकार के अतिक्रमणों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि नगर में व्याप्त सभी स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों का चिन्हांकन कर व्यवस्थित ढंग से हटाने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने पीओ डूडा को निर्देशित किया कि जिले में की गई अतिक्रमण हटाने की सभी कार्यवाहियों की जानकारी संकलित करें तथा इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि राजस्व विभाग द्वारा इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे विभिन्न स्थानों पर फैले अतिक्रमणों को प्रभावी रूप से हटाया जा सके। जिला मुख्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट को भी नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाहियों की मॉनिटरिंग कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने मेरी पूंजी मेरा अधिकार अभियान के तहत जिले में डीईएएफ खातों की केवाईसी प्रक्रिया को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक संबंधित अधिकारी अपने विभाग के लंबित केवाईसी प्रकरणों को प्राथमिकता से पूर्ण करें। इस दौरान कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देशित किया कि वे सभी विभागों से चर्चा कर शेष बचे हुए विभागों की केवाईसी प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने मिशन परिवर्तन के तहत अधिकारियों द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुरूप निरीक्षण न किए जाने पर गंभीर नाराज़गी व्यक्त की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों ने अब तक एक भी बार निरीक्षण नहीं किया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय प्रमुख अधिकारी अपने अधीनस्थ विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निरीक्षण के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करें तथा सुनिश्चित करें कि सभी अधिकारी समयबद्ध निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई गई समस्याओं के सुधार की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन एवं संभाग आयुक्त कार्यालय से प्राप्त टीएल प्रकरणों सहित कलेक्टर कार्यालय के लंबित समय-सीमा प्रकरणों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

### चालीस हजार की घूस लेते उपसंचालक कृषि जे.आर. हेडाउ लोकायुक्त के हत्थे चढ़े

**नर्मदापुरम, 08 दिसम्बर** शहर के राजनारायण गुप्ता अपने भाई वीरेंद्र गुप्ता की विनायक खाद बीज भंडार नर्मदापुरम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. जिसकी जाँच के नाम पर जयराम हेड़ाऊ उप संचालक कृषि नर्मदापुरम ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया था. श्री गुप्ता लाइसेंस की बहाली हेतु श्री हेड़ाऊ से मिले तो उन्होंने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की. जिस पर श्री गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश राठौर को शिकायत की। शिकायत सत्यापन उपरांत सही पाए जाने पर आज उप संचालक कृषि श्री हेड़ाऊ उम्र 51 वर्ष उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम अपने कार्यालय मे आवेदक से 40,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया । समाचार लिखे जाने तक आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारणअधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।



# अतिक्रमण हटाने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कमर कसी




**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 08 दिसम्बर** सिवनी मालवा में नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने और वर्षों से पसरा अतिक्रमण हटाने के साथही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है इसके लिए एसडीएम ने बैठक बुलाकर नागरिकों से सुझाव लिए और कहा कि दो दिनों में प्रतिबंधात्मक आदेश, तीसरे दिन कड़ी कार्रवाई, आदेश नहीं माने तो एफआईआर होगी। एसडीएम विजय राय ने नगर नगर भ्रमण कर पसरा अतिक्रमण और यातायात नगर सुरक्षा व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारियों को उचित व्यवस्था बनाने दिशा निर्देश दिए। सिवनी मालवा नगर पालिका सभा कक्ष में एसडीएम विजय राय की उपस्थिति में नगर यातायात व्यवस्था, वर्षों से पसरा अतिक्रमण हटाने और नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने उचित व्यवस्था बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, नगर में पसरा अतिक्रमण हटाने को लेकर चर्चा की गई और नागरिकों से सुझाव लिए गए। बैठक में उपस्थित लोगों ने अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और यातायात सुगम बनाने प्रशासन को पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम विजय राय ने बताया कि सभी उपस्थित लोगों से सुझाव लिए गए हैं। इन सुझावों के आधार पर अगले दो दिनों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाएंगे, जिनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य बाजार क्षेत्र को नो-एंट्री जोन के रूप में व्यवस्थित किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि मुख्य बाजार क्षेत्र को नो-एंट्री जोन के रूप में व्यवस्थित किया जाएगा। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से लागू होगी।

# भक्तिमय माहौल में सांई बाबा की नई मूर्ति का प्रतिस्थापन



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 08 दिसम्बर** सोमवार को न्यास कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में भव्य शोभा यात्रा के साथ बाबा साईं की नई मूर्ति का विधिवत प्रतिस्थापन किया गया। पुरानी मूर्ति को श्रद्धा और आस्था से पूजने के बाद शोभायात्रा निकालकर साईं गार्डन के पास बने नव-निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया। पूरा क्षेत्र भक्ति और भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद अमृता मनीष ठाकुर, सभापति राकेश यादव, जगदीश मालवी, ओमकार मालवीय, बेनीशंकर शर्मा, मुकेश गोयल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। महिलाओं ने नम आँखों से अपने बाबा को विदाई दी और नए मंदिर में स्थापना के दौरान भावुक होकर आरती उतारी। पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने बताया कि साईं मंदिर ग्राउंड में पार्क निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। क्षेत्रवासियों की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्य प्रस्तावित हैं, साईं बाबा की मूर्ति प्रतिस्थापन और विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बना हुआ है। भक्तों ने इसे विकास और आस्थाका सुंदर संगम बताया।

### शनिवार को भी धान खरीदी की मांग, ट्रालियों की लग रही लंबी लाइन

**पिपरिया.** धनासरी ग्राम के ग्रामीणो ने सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक को पत्र लिखकर सेवा सहकारी समिति धनासरी में शनिवार को भी धान खरीदी करने की अनुमति प्रदान की जावे। ग्रामीण कृषको ने बताया कि धनासरी खरीदी केन्द्र हेमलता बेयर हाउस पुनौर में है किसानो की 100 ट्राली की बहुत लंबी लाइन सडक पर लगी है जिससे आवागमन खापरखेडा चांदौन मार्ग का प्रभावित हो रहा है। धनासरी खरीदी केन्द्र पर सोमवार से शुक्रवार तक तुलाई कार्य पूर्ण रूप से नही हो पा रहा है जिससे किसानो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शनिवार को भी तुलाई करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

### समस्याओं को सुना सांसद ने

**पिपरिया** सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने रविवार को सांसद कार्यालय में जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। सांसद कार्यालय में सांसद दर्शनसिंह चौधरी के पास अनेको लोग समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंचे जिनका चौधरी ने संबंधित विभागो से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया.

# आईपीएल की तर्ज पर बांसखेडा में शुरू क्रिकेट महाकुंभ

**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 08 दिसम्बर** बनखेड़ी के बीसीएल सीजन 4 का क्रिकेट टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर बांसखेड़ा में हो रहा है। उक्त टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ है जो 28 दिसंबर तक चलेगा। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, थाना प्रभारी विजय सनस, गिरीश त्रिपाठी, स्लीपाठ फैक्ट्री के मैनेजर जयंत राघुंडे, राजा पलिया, गुड्डन त्रिपाठी, आनंद पलिया, अरविंद पांडे, अतुल राय, पत्रकार सतीश कुमार, योगेश शर्मा, शकील नियाजी, कॉमेंटेटर बादशाह खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे। पहला मैच ठेनी स्टार और आदित्य कांट्रेक्शन के बीच खेला गया। जिसमें ठेनी की हरार हुई, और आदित्य कांट्रेक्शन ने 101 रन बनाकर कर 7.2 (8) ओवर में जीता। जिसका मैन ऑफदा मैच पवन चौधरी चौराहेट रहे। दूसरा मैच आदित्य कांट्रेक्शन और शानवी इंटरप्राइजेज के बीच खेला गया। जिसमें शानवी 150 रन 10 ओवर में 110 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच वासु पीपरपानी रहे। तीसरा मैच शानवी इंटरप्राइजेज और ठेनी स्टार के बीच खेला गया। जिसमें शानवी 118 रन 10 ओवर ठेनी स्टार 68 रन 10 ओवर मैन ऑफ दमैच राममूर्ति चौराहेर को मिला। उक्त टूर्नामेंट का आयोजन समाजसेवी राजकुमार पलिया उर्फ राजा भैया द्वारा हर साल तरह इस साल भी यह आयोजन कराया जा रहा है। बता दें कि बीसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पहले बनखेड़ी के दशहरा मैदान में हुआ करता था। लेकिन मैदान में सीएम राइज स्कूल के निर्माण के कारण खेल मैदान समाप्त हो गया। इस कारण अब यह आयोजन बांसखेड़ा में किया जा रहा है। वही क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि यह आयोजन जब बनखेड़ी में होता था तब सैकड़ो लोगों का हुजूम देखने पहुंचता था। बांसखेड़ा खेल ग्राउंड में अब वह मजा देखने में नहीं आ रहा। खेल प्रेमियों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर के बीचो-बीच जल्द खेल मैदान उपलब्ध कराएं जिससे शहर से निकलने वाले खिलाड़ी प्रदेश और देश स्तर पर शहर का नाम रोशन कर सकें। बीसीएल समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया है। वही खिलाड़ी नीलामी के दौरान शाहजमान चूंचू को आरआर टीम बनखेड़ी ने सबसे बड़ी बोली 16000 रुपए लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। इस टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम 9 लीग मैच खेलेगी।

# नर्मदा जल पाइप लाइन का कार्य हुआ प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 08 दिसम्बर** सिवनी मालवा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 9 में नर्मदाजल पाइपलाइन की कई दिनों से वार्ड वासियों की मांग थी जिसे वार्ड पार्षद ईश्वर दास जमीदार के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष से चर्चा कर प्रारंभ करने का कहा नगर पालिका अध्यक्ष ने नर्मदा जल पाइप लाइन का कार्य प्रारंभ कराया।

वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि चुनाव के समय वार्डवासियों से किए गए वादे को पूरा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं वार्ड के वरिष्ठजनों के कर कमलो से नर्मदाजल कार्य का पूजन अर्चन कर कार्य शुभारंभ किया गया। पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि वार्ड में ज्यादातर अति मध्यम वर्गीय लोग निवासरत हैं जिन्हें पीने के पानी की अत्यधिक समस्या थी जो आस पड़ोस से लेकर या दूर दराज लगे हैंडपंप से पानी लाकर अपना काम निकालते थे। उनकी समस्या का समाधान करते हुए अरविंद गली, शाहिद पटेल कॉलोनी, साई चौक, राधा गली, ढीमर गली, शंकर मंदिर के पीछे वाली गली में नर्मदाजल पाइप लाइन का कार्य प्रारंभ किया गया। अब वार्ड की इन सभी गलियों में हर घर नर्मदा जल आसानी से पहुंच पाएगा जिससे वार्डवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और पीने के लिए शुद्ध फिल्टर पानी मिलेगा। वार्डवासियों को बीमारियों से भी छुटकारा मिलेगा। वार्ड पार्षद श्री जमींदार ने वार्डवासियों को विश्वास दिलाया कि आपकी हर समस्या समाधान का हर संभव प्रयास से किया जाएगा।



# जैविक खेती, स्वस्थ्य जीवन की कुंजी

**नवभारत न्यूज**
**माखननगर,08 दिसम्बर 2025** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में जैविक खेती पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। 8 दिसंबर 2025 को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर प्रभारी प्राचार्य डॉ .आई. एस. कनेश के मार्गदर्शन मे मुख्य वक्ता श्री अक्षय जी उपरीत ने जैविक खेती के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैविक खेती न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। जैविक खेती से हम स्वस्थ और सुरक्षित भोजन प्राप्त कर सकते हैं छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जैविक खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरे मुख्य वक्ता श्री जय सिंह राजपूत जी ने जैविक खेती से आय बढ़ाने के साधनों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जैविक खेती में रोजगार के अवसर कैसे सृजित किए जाए यह था. व्याख्यान में प्रमुख रूप से डॉ.अमिताभ शुक्ला, प्रो.अजय मेहरा आदि थे.

### सरजूदेवी राय का निधन

**पिपरिया** स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व.तुलसीराय की धर्मपत्नी समाजसेवी शिवप्रकाश राय की माताजी अधिकारी,कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अशोक चौकसे की सास सरजूदेवी राय का 90 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओ सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वही शांतिवन में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### निसंतान दंपत्ति हेतु परामर्श शिविर

**पिपरिया** लायंस ऑफ पिपरिया व संकल्प फाउंडेशन के तत्वाधान मे निस्संतान एवं स्त्री रोग निवारण शिविर आयोजित किया गया। लायंस ऑफ पिपरिया द्वारा आयोजित शिविर में अनेको दंपत्ति जिनकी संतान नही उन्होने पहुंचकर परामर्श एवं चिकित्सा लाभ लिया। लगभग 75 दंपत्ति पहुंचे क्लब अध्यक्ष मनोज नागौत्रा,लोचन सागर,संकल्प फाउंडेशन के निरंजन वैष्णव ने निस्संतान को परामर्श देने वाली व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रिया चितवार का परिचय कराया गया।

# हिमालय हैंडबॉल एकेडमी नर्मदापुरम विजेता

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 08 दिसम्बर** हाल ही में भोपाल में आयोजित सीनियर ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिमालय हैंडबॉल एकेडमी नर्मदापुरम विजेता बना। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था। हिमालय हैंडबॉल अकादमी ने खिताबी मुकाबले में ग्वालियर को 22-17 गोलों के अंतर से हराकर विजेता खिताब पर कब्जा किया। बना हिमालय हैंडबॉल अकादमी के सुमित कहार बेस्ट स्कोरर ऑफ टूर्नामेंट तथा विजय कुमार को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड प्राप्त हुआ।

सीनियर ओपन हैंडबॉल चैंपियनशिप में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था .हिमालय हैंडबॉल अकादमी ने ग्वालियर को 22-17 गोलों के अंतर से हराकर विजेता खिताब पर कब्जा किया।

इस उपलब्धि पर नर्मदा पुरम जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शर्मा, शाला प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, सचिव डॉ. सचिन खम्परिया, ऑस्कर मोसेस, विनोद कुमार साहू, आर के सिंह, विक्रांत खम्परिया, राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

# कलेक्टर ने रैन बसेरा, रेलवे व बस स्टेशन का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 08 दिसम्बर** शीतलहर के दृष्टिगत कलेक्टर श्री सिध्दार्थ जैन ने रविवार रात्रि में रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन व बस स्टेण्ड स्थित रैन बसेरा पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रबन्धक को निर्देश दिये कि रात्रि में रेल व बस से आने वाले यात्रियों को यदि रूकने की आवश्यकता हो तो उन्हें रैन बसेरा में रूकने की व्यवस्था की जाए और बिस्तर व रजाई भी उपलब्ध कराए जाएं।

भ्रमण के दौरान उन्होंने शीतलहर से ठिठुरते लोगों को देखा, उन्होंने अधिकारियों सहित जाकर लोगों को कंबल भेंट किए। उन्होंने बस स्टेण्ड व रेल्वे स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं उन्हें रात्रि में रैन बसेरे में जाकर ठहरने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि रैन बसेरा पर रूकने कोई भी शुल्क नहीं लिया जायेगा। कलेक्टर श्री जैन ने रेल्वे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर एवं आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि अगर रात्रि में कोई नागरिक स्टेशन पर रुकता है तो आप उसे रैन बसेरा में जाकर ठहरने की सलाह दें।

इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, सीएमओ कमलेश पाटीदार सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। सीएमओ को सार्वजनिक स्थलों पर रेन बसेरा की जानकारी अंकित करने के निर्देश दिये. कलेक्टर श्री जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड व शहर के प्रमुख चौराहों पर रेन बसेरा की जानकारी एवं संबंधित कर्मचारी का मोबाइल नम्बर अंकित करने के लिये भी निर्देशित किया।

**सुकन्या समृद्धि खाते** आगामी 26 जनवरी तक संपूर्ण सुकन्या होगा हरदा जिला

# सभी पात्र बेटियों के खोले जाएंगे सुकन्या समृद्धि खाते

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 08 दिसम्बर 2025** जिले की बेटियों का उज्जवल एवं समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिये जिले की शतप्रतिशत पात्र बेटियों के आगामी 26 जनवरी 2026 तक सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने का काम हाथ में लिया गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के मैदानी अधिकारियों को पात्र बेटियों का चयन कर उनके पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में पोस्ट ऑफिस अधीक्षक श्री अमित कुमार व्यास ने बताया कि इस योजना में 250 रूपये की न्यूनतम राशि के साथ खाता खोला जा सकता है। खाता 10 वर्ष तक की आयु की बालिका के माता-पिता/अभिभावक द्वारा खोला जा सकता है। एक बालिका के लिये केवल एक खाता स्वीकार्य है और एक परिवार में केवल 2 खाते ही स्वीकार्य है। उन्होने बताया कि एक वर्ष में न्यूनतम 250 रूपये और अधिकतम 1.5 लाख रूपये जमा किया जा सकता है। खाता खोलने के 21 वर्ष पर परिपक्वता होती है।

बालिका की आयु 18 वर्ष होने के बाद 50 प्रतिशत राशि निकाली जा सकती है। इस योजना में वर्तमान में 8.2 प्रतिशत ब्याज दर देय है। उन्होने बताया कि खाते को भारत में कहीं भी ट्रांसफर किया जा सकता है और इसे बैंक से पोस्ट ऑफिस और पोस्ट ऑफिस से बैंक में ट्रांसफर भी कर सकते हैं। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिये अपने नजदीकी डाक घर में सम्पर्क किया जा सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये एमपी ई-सेवा एकीकृत पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से वर्तमान में 26 विभागों की 500 सेवाओं को जोड़ा गया है। ई-सेवा एप मोबाइल में प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। सोमवार को समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने पोर्टल को व्यापक रूप से उपयोगी बनाने के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान ई गवर्नेंस प्रबन्धक सुश्री आयुषी विश्वकर्मा ने बताया कि ई-सेवा एप के माध्यम से वर्तमान में उपलब्ध 500 सेवाओं के अलावा आगामी चरणों में 1700 से अधिक सेवाओं को ऑनबोर्ड किया जायेगा। इस एप के माध्यम से नागरिक सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सेवाओं की स्थिति ट्रेकिंग के लिये उपलब्ध रहेगी। सेवाओं में रसीद एवं प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने की सुविधा भी दी गई है। पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं को मुख्य रूप से 12 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, जिनमें सुविधा सेवाएं, प्रमाण-पत्र, लाइसेंस एवं कर, राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास, पेंशन/लाभ, सामाजिक कल्याण एवं सशक्तिकरण, शिक्षा एवं अधिगम, शहरीकरण, आवास एवं पर्यावरण, ऊर्जा, परिवहन एवं इंफ्रांस्ट्रक्चर, बिजनेस, निवेश और प्रमोशन, स्वास्थ्य और कल्याण, न्याय, कानून और शिकायत, यात्रा संस्कृति, विरास और पर्यटन, रोजगार/उद्यमिता एवं कौशल तथा युवा एवं खेल शामिल हैं। एप के माध्यम से सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित होगी।

### अविवादित नामांतरण के मामले 30 दिन में निराकृत हों

कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण के मामले 30 दिन के भितर निराकृत किये जाएं। अनावश्यक प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। इस दौरान सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली एवं सायबर तहसील में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतें अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

### सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने लगाए चौके छक्के

**हरदा** सांसद खेल महोत्सव के तहत जिला स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, पी डब्ल्यू डी विभाग से रामशंकर सांगुले, खेल प्रशिक्षक सुश्री मोनिका मेहता व डॉ. पूनम सिंह गोदारा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रेडफ्लॉवर नकवाड़ा, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन हरदा ए टीम, जिला क्रिकेट संघ हरदा बी टीम, शासकीय पीएम श्री महाविद्यालय हरदा के खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान शा. चिकित्सालय एवं शासकीय महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भी क्रिकेट की ट्रायल दी। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएम श्री महाविद्यालय हरदा, दूसरा स्थान जिला क्रिकेट एसोसिएशन हरदा रहा.